## एक नजर में

### दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

**माचलपुर 17 फरवरी, सं.** ग्राम गोघटपुर में मां ग्रामीण लोक शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशुमंदिर में कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ. जिसमें मुख्य अतिथि योगेश गुप्ता गोघटपुर सरपंच, भगवान सिंह चौहान, संयोजक मंडल के सदस्य गोपाल नागर, दामोदर पाटीदार, बलवंत सिंह चौहान, घनश्याम पाटीदार शामिल हुए. स्कूल की योजना एवं कार्य प्रणाली से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास कर जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया. विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पानी बाटल एवं गणतंत्र दिवस के पुरस्कार भेंट किया गया. विद्यालय की प्रधानाचार्या कलावती जायसवाल द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में उच्च लक्ष्य के प्रति संकल्पित किया गया. संकुल से प्रधानाचार्य अनार सिंह गुर्जर झरन्या सहित गणमान्यजन कार्यक्रम में उपस्थित थे.

### मानसिक दिव्यांगजन स्वास्थ्य शिविर 25 को

**राजगढ़ 17 फरवरी, का.** उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग एवं पुनर्वास केन्द्र राजगढ़ में मानसिक रोगियों के उपचार एवं मानसिक दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 25 फरवरी को किया जाएगा. दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु दिव्यांगजनों के साथ आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं पासपोर्ट साईज 02 फोटो अनिवार्य रूप से लेकर जाए.

### जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं

**राजगढ़ 17 फरवरी, का.** जिला मुख्यांलय पर जनसुनवाई में ग्राम बाबरोन निवासी रामप्रसाद ने बताया कि आवेदक को पूर्व में वृद्धावस्थान पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था परन्तुर किसी कारण वृद्धावस्था् पेंशन योजना का लाभ मिलना बंद हो गया है. अपर कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद नरसिंहगढ़ को आवश्यवक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. जीरापुर निवासी मांगीलाल ने बताया कि आवेदक को पूर्व में किसान सम्मोन निधि राशि प्राप्त हो रही है. जो कि उक्त राशि वर्तमान में मिलना बंद हो गई है. जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है. अपर कलेक्टरर द्वार तहसीलदार जीरापुर को आवशि्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम मांजरिखो निवासी कन्हैयालाल ने बताया कि आवेदक की आयु 60 वर्ष से अधिक हो गई है. आवेदक को वृद्धावस्थान पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. अपर कलेक्टहर द्वारा सीईओ जनपद राजगढ़ को आवश्यकक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम मांजरिखो निवासी नौरंगबाई ने बताया कि आवेदिका बहुत गरीब हैं. आवेदिका को रसोई गैस, बीपीएल कार्ड व वृद्धावस्थाब पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. जिससे आवेदिका को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. अपर कलेक्टजर द्वारा सीईओ जनपद राजगढ़ को आवश्यरक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।इस अवसर पर 80 आवेदन प्राप्तई हुए.

# गौवंश के शव रखकर हाईवे जाम किया

## राजगढ़ में हाईव पर मृत मिले 6 गौवंश, पीएम में पॉलिथीन खाने से मौत होना आया सामने

### चक्काजाम में फंसे सैकड़ो वाहन

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ /ब्यावरा17 फरवरी, का. जिला मुख्यालय राजगढ़ स्थित हाइवे पर मंगलवार की सुबह 6 गायो के मृत अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई, घटना से आक्रोशित लोगों ने हाइवे पर जाम लगा दिया. देर तक जाम के कारण सैकड़ो वाहन रुके रहे. पीएम के बाद प्रारंभिक जांच में गौवंश की मौत का कारण पॉलिथीन खाना सामने आया है.**

जानकारी के अनुसार राजगढ़ स्थित कलेक्ट्रेड के आगे मिडवे ट्रीट के सामने मंगलवार की सुबह 6 गौवंश मृत अवस्था में मिले. इनमें दो सांड एवं 4 गाय शामिल है. हाइवे पर एक साथ इतने गौवंश के इस तरह मृत अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई. देखते ही देखते गौसेवक एकत्रित हो गये और गौवंश की मृत देह को हाइवे पर रखकर जाम लगा दिया.

**जाम की खबर लगते ही**



### चक्काजाम करने वाले 12 पर मामला दर्ज

मंगलवार को सुबह जैसे ही हाईवे पर गौवंश के मृत अवस्था में मिलने की जानकारी लगी बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे तथा आक्रोश व्याप्त हो गया. आक्रोशित हो लोगों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया. हालांकि गौवंश की मौत का कारण प्रथम दृष्टया पॉलिथीन खाना सामने आया है. इस संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा हाईवे पर चक्काजाम के मामले में 12 लोगों पर मामला दर्ज किया है.

मृत गौवंश का ट्रेचिंग ग्राउण्ड में पीएम किया गया. जिसमें उनके पेट से पॉलिथीन निकलना सामने आया. जो कि गौवंश के द्वारा खा लिया गया. संभवत: पॉलिथीन खाने से इनकी मौत हुई.
**एम.एस. बामनिया, पशु चिकित्सक, पशु चिकित्सा विभाग राजगढ़**

मृत गौवंश का पीएम कराया गया. जिसमें इनके पेट से पॉलिथीन मिली है, प्रथम दृष्टया मौत का कारण पॉलिथीन खाना ही देखा जा रहा है. **डा. दीक्षित, उप संचालक, जिला पशु चिकित्सा विभाग राजगढ़**

### कागजों में सिमटे पॉलिथीन प्रतिबंध के आदेश

शासन पूर्व में कई बार पॉलिथीन को प्रतिबंधित करते हुए इसका उपयोग नहीं करने अभियान भी चलाए गये किंतु यह कागजो तक ही सिमट कर रह गये. आज भी जिला मुख्यालय सहित जिले भर में पॉलिथिन का धड़ल्ल से उपयोग हो रहा है.

**पहुंचा अमला-** सुबह करीब 10 बजे के आसपास हाइवे पर जाम लगा दिया गया. इसकी जानकारी लगते ही प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा लोगों से चर्चा कर इस मामले में उचित कार्यवाई की भरोसा दिलाया तथा मृत गौवंश को पीएम के लिए ले जाया गया. करीब आधे घंटे तक जाम रहा. बातचीत एवं समझाईश के बाद जाम खुल सका. जाम के कारण हाइवे पर दोनों और वाहनों की लम्बी कतारे लग गई. मृत गौवंश में अधिकांशत: के पेट फूल रहे थे.

### ट्रेचिंग ग्राउण्ड में पॉलिथीन की भरमार

जिला मुख्यालय सहित अन्य जगहों पर मौजूद ट्रेचिंग ग्राउण्ड में प्राय: गंदगी और पॉलिथीन की भरमार देखी जा सकती है, यहां पर बड़ी संख्या में गौवंश घूमते हुए देखे जा सकते है, जो कि इन पॉलिथीन को खा लेते है. गौरतलब है कि विगत दिवस भी जिला मुख्यालय पर ट्रेचिंग ग्राउण्ड में गौवंश को पॉलिथीन खाते हुए देखा गया था.

### सड़क, चौराहों पर फेंक देते है पॉलिथीन

प्राय: अनेक बार पॉलिथीन का उपयोग नही करने जागरुकता अभियान चलाए गये किंतु यह मात्र कागजों तक ही सिमटकर रह गये. जागरुकता के अभाव में पॉलिथीन का सड़क, चौराहों पर ही फेंक दिया जाता है जिन्हें गौवंश खा लेते है. वहीं खाद्य सामग्री को भी पॉलिथीन में भरकर फेंक देने पर खाद्य सामग्री के साथ ही गौवंश पॉलिथीन भी खा जाते है जो उनके लिए जानलेवा हो जाता है.




# 360 परीक्षार्थी नहीं पहुंचे अंग्रेजी का पेपर देने

## कक्षा 10 वीं की परीक्षाएं प्रारंभ, पहले दिन हुआ अंग्रेजी का पेपर

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 17 फरवरी, का.** मंगलवार को हाईस्कूल कक्षा 10 वीं की परीक्षा शुरु हुई, अंग्रेजी के पेपर से परीक्षा की शुरुआत हुई, जिले भर में 360 परीक्षार्थी अंग्रेजी का पेपर देने नहीं पहुंचे. जिला शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र के साथ परीक्षा प्रारंभ हुई. कक्षा 10 वीं में कुल दर्ज 19 हजार 900 में से 19540 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी. जबकि 360 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. पहले दिन नकल का कोई प्रकरण नहीं बना है.

इधर जिले भर में जीपीएस और साईबर माध्यमों से परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है. हालांकि चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच नकल का कोई भी प्रकरण नहीं बना है. विभाग इसे परीक्षा के संचालन की अच्छी शुरूआत मान रहा है.

# 2 महीने के लिए पदस्थ हुए प्राचार्य 2 साल से टिके



**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया, 17 फरवरी, सं.** एनएसयूआई ने शासकीय महाविद्यालय सुठालिया में लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक लापरवाही, भ्रष्टाचार एवं छात्र हितों की अनदेखी को लेकर आज तीव्र आक्रोश व्यक्त किया. संगठन का कहना है कि इन समस्याओं के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई, सुरक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है. एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि केवल दो माह के डिप्लॉयमेंट पर आए प्राचार्य पिछले दो वर्षों से पद का प्रभार संभाल रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है. प्रयोगशाला उन्नयन के लिए स्वीकृत लगभग 15 लाख रुपये के लेप्स हो जाने को संगठन ने प्रशासनिक विफलता बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है. यह भी मांग उठाई कि महाविद्यालय को शीघ्र स्नातकोत्तर स्तर पर उन्नत किया जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े. लंबे समय से लाइब्रेरी बंद रहने को संगठन ने शैक्षणिक अधिकारों का हनन बताया और इसे नियमित रूप से खोलने की मांग की. सांसद निधि से स्थापित ओपन जिम के लिए प्रशिक्षक उपलब्ध न कराना संसाधनों की बर्बादी बताया गया. साथ ही जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और राजनीतिक विज्ञान विषयों में शिक्षकों की कमी को संगठन ने विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय बताया और तत्काल नियुक्ति की मांग की. कार्ड के नाम पर लिए गए शुल्क का हिसाब न होने, ड्रेस कोड के प्रभावी क्रियान्वयन में विफलता, 1000 से अधिक विद्यार्थियों के बावजूद महाविद्यालय की दूसरी मंजिल बंद रखने, प्राइवेट पाठ्यक्रम शुरू न होने तथा पेयजल टंकी की नियमित सफाई न होने जैसे मुद्दों को भी ह्स्ड्ढ ने गंभीर बताया. कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी, ललित सोलंकी, माही सोंधिया, ब्लाक अध्यक्ष जोधा राम गुर्जर, ललित सरपंच, गोविंद सेन, पवन, संदीप, संदीप, राजू, दीपक, गोविंद सेन, गोविंद सोंधिया, दीपक, गोविंद, लोकेश वर्मा, अरुण वर्मा, अंकित, बबलू, संजय कोली, रवि सेन आदि शामिल हुए.नौनिहालों

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हेतु जनपद स्तरीय टीमों का चयन

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 17 फरवरी, सं.** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़ के मार्गदर्शन में नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन एवं प्रतियोगिता का संयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजगढ़ द्वारा किया जा रहा है. प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में कबड्डी एवं बालिका वर्ग में खो-खो खेल का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद स्तर से चयनित टीमों ने भाग लिया. जनपद क्षेत्र की 7 पंचायतों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमश: 21000 रूपये 11000 रूपये तथा5000 रूपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी. कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय खेल अधिकारी, विकासखंड समन्वयक आरती मुजाल्दे क्रीड़ा शिक्षक अरविंद बंसल, ईश्वर सिंह पवांर, सोनू राठौर, मोहित परिहार, निहाल भावसार एवं अनेकों खिलाड़ी उपस्थित रहे.

# तिरंगा मित्र मंडल जीरापुर को किया सम्मानित

## रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया




**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 17 फरवरी, सं.** नगर के तिरंगा मित्र मण्डल को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ एवं ब्लड बैंक के द्वारा एक विशेष डोनर मोटिवेशन प्रोग्राम एंड कार्यशाला आयोजित कर सम्मानित किया गया. राजगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश ब्लड बैंक उपसंचालक भोपाल डॉ राहुल भदौरिया, सिविल सर्जन शर्मा, डॉक्टर पीके जैन, डॉक्टर भदोरिया की मुख्य उपस्थित में ब्लड डोनेशन के कार्य में लगे हुए सभी संगठनों के सदस्यों का सम्मान किया गया. इसी कड़ी में तिरंगा मित्र मंडल के सदस्यों को भी नगर में रक्तदान शिविर आयोजन एवं जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाने के लिए सम्मानित किया गया. जिला ब्लड बैंक द्वारा किए गए तिरंगा मित्र मण्डल के सम्मान पर आभार माना गया. तथा सदस्यों ने कहा कि परोपकारी कार्य करते रहना चाहिए ताकि जरूरतमंद को उसका लाभ मिल सके.

# डीपीसी, बीईओ ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

## डीपीसी राजगढ़ और बीईओ ब्यावरा पहुंचे हाई स्कूल परीक्षा केंद्रों पर

**नवभारत न्यूज**
**सुठालिया 17 फरवरी, सं.** नगर के हाई स्कूल परीक्षा केंद्रों का डीपीसी आरके यादव और विकास खंड शिक्षा अधिकारी ब्यावरा दिलीप कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया.

मंगलवार को कक्षा 10 वी का अंग्रेजी विषय का पेपर था. शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल व शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोनों परीक्षा केंद्र पर परीक्षा का संचालन व्यवस्थित पाया गया कोई नकल प्रकरण नहीं बना. इस दौरान सहयोगी के रूप में रामप्रसाद शर्मा व सुनील कुमार सैन भी निरीक्षण दल में शामिल थे.






# किसानों के लिए सिरदर्द बन गया सहकारिता से कर्जा लेना

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 17 फरवरी, का. नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 'संवाद से समाधान' में इस सप्ताह सहकारिता विभाग से संबंधित 5 शिकायतों की समीक्षा की गई है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुन कर मौके पर ही उसका समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया. मंगलवार को आयोजित संवाद से समाधान कार्यक्रम में शिकायतकर्ता रोडीलाल दांगी द्वारा बताया गया कि मलावर सोसायटी में आवेदक को सोसायटी के द्वारा पैसा जमा करने पर भी खाद नहीं दिया जा रहा हैं. जिससे किसान को काफी समस्याक हो रही हैं और न ही सोसायटी द्वारा केसीसी दी जा रही हैं. कलेक्टर ने शिकायत के जांच करने के निर्देश अनुविभागीय (राजस्वह) अधिकारी ब्या वरा को दिए.**

शिकायतकर्ता राहूल दांगी द्वारा बताया गया कि सोसायटी में देवनारायण दांगी सहायक सेक्टरी से नगद पैसे जमा कर खाद लिया गया था लेकिन सहायक सेक्रटेरी द्वारा उक्तह पैसे को मेरे ऋ्ण खाते में जमा नहीं किया गया. शिकायत की जांच में पता चला की शिकायकर्ता व सहायक सेक्रटेरी के आपसी विवाद से शिकायत की गई हैं. उक्त शिकायत की जांच करने के निर्देश कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने थाना प्रभारी खिलचीपुर को संवाद से समाधान कार्यक्रम में ही दुरभाष पर दिए.

शिकायतकर्ता रामदयाल गुर्जर द्वारा बताया गया कि जिला सहकारी बैंक शाखा राजगढ़ से आवेदकने लोन लिया था. लोन जमा करने के बाद भी सिविल पर लोन दिख रहा हैं. बैंक के द्वारा सिविल से लोन नहीं हटाया जा रहा हैं व 03 लाख 48 हजार रूपये की मांग की जा रही हैं. कलेक्टर ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए जिला सहकारी बैंक से जारी ओरिजनल नो-ड्यूज व उस समय के लिपिक की जानकारी सही मूल फाईल लेकर सम्मुैख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. शिकायतकर्ता हरिसिंह चौरसिया द्वारा बताया गया कि ग्राम सुकली सहकारी बैंक बोडा में आवेदक द्वारा केसीसी लोन लिया जा रहा हैं. लोन पास होने के बाद भी आवेदक को राशि नहीं दी जा रही हैं. शिकायत की जांच करने के पश्चात कलेक्टर ने शिकायत को एफसी करने के निर्देश दिए. शिकायतकर्ता मुकेश भिलाला द्वारा बताया गया कि आवेदिका कमला बाई को जिला सहकारी बैंक का बकाया बताया जा रहा है, जबकि आवेदक ने सोसायटी से खाद नहीं लिया है. जिससे आवेदक को काफी समस्या हो रही हैं. कलेक्टर ने सात दिवस में शिकायत की जांच करने के निर्देश दिए.

**सेहत** — जिले में 17 फरवरी से 19 मार्च तक चलेगा दस्तक अभियान, बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाएंगे

# पौन दो लाख बच्चों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने का लक्ष्य

**नौनिहालों की सेहत पर दस्तक अभियान**

**1.75 लाख बच्चों को मिलेगा सुरक्षा कवच**

**कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विटामिन ए पिलाकर किया अभियान शुभारंभ**



**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 17 फरवरी, का. जिले में बच्चों के स्वास्थ्य संवर्धन और कुपोषण से मुक्ति की दिशा में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया. अभियान की शुरुआत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने नन्हें बच्चों को अपने हाथों से विटामिन ए की खुराक पिलाकर की. इस महाअभियान के तहत जिले के करीब 1 लाख 75 हजार से अधिक बच्चों को स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है.**

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि शत-प्रतिशत बच्चों तक इसका लाभ पहुंचे. उन्होंने कहा, प्रत्येक गांव और वार्ड में तैयार की गई ड्यू लिस्ट के अनुसार बच्चों का चिन्हांकन किया जाए. विशेष रूप से एनीमिक खून की कमी वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल उचित उपचार उपलब्ध कराया जाए. मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि यह अभियान 17 फरवरी से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेगा. विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली हैं और बच्चों के रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन भी पूरा कर लिया गया है. मैदानी अमले में तैनात आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचओ को प्रिंटेड सूचियां सौंपी गई हैं. डॉ. पटेल ने स्पष्ट किया कि यदि अभियान के दौरान बाहर से आए बच्चे भी मिलते हैं, तो उन्हें भी इसमें शामिल कर स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा.

### 5 वर्ष तक के बच्चों की एनीमिया जांच होगी

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया ने अभियान की तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि 6 माह से 5 साल तक के बच्चों की एनीमिया जांच और उपचार किया जाएगा, वहीं 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी. डॉ. भकोरिया ने बतायाकि आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने की आशंका है. गर्मी के मौसम में बच्चों में डायरिया, फोड़े-फुंसी, अल्सर और रतौंधी जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. ऐसे समय में विटामिन ए बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर उन्हें इन बीमारियों से बचाने में मदद करेगा.